सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 203 | इंदौर, शुक्रवार 02 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Hemant Soren: सुप्रीम कोर्ट से हेमंत सोरेन को झटका, याचिका पर सुनवाई से इनकार; कहा- पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए**
2. **Delhi Excise Policy: आज भी ED के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल, AAP बोली- समन का मकसद मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी**
3. **Delhi AAP Protest: सिंधु बॉर्डर से पुलिस ने 25 आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया, BJP दफ्तर पर बढ़ाई गई चौकसी**
4. **Uniform Civil Code: विशेषज्ञ समिति ने सीएम धामी को सौंपी मसौदा रिपोर्ट, कल कैबिनेट बैठक में होगी चर्चा**
5. **यूपी बजट सत्र: सदन में हंगामे से नाराज हुईं राज्यपाल, बोलीं- और शोर मचाइए... गिनाईं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां**

# एमपी में बनेगा खनिज सीमेंट कॉरिडोर

## केंद्रीय करों से 6500 करोड़ रुपए अतिरिक्त मिलेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी अंतरिम बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने गतिशक्ति योजना के तहत तीन प्रमुख इकोनॉमिक रेलवे कॉरिडोर का ऐलान किया है। इनमें से ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर का बड़ा भाग मध्यप्रदेश के हिस्से में आया है।

इसके अलावा पर्यटन क्षेत्र में ७५ हजार करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण देने का ऐलान किया गया है। इसका सबसे ज्यादा फायदा मप्र को होगा। केंद्रीय करों में भी मप्र की हिस्सेदारी बढ़ी है। मप्र को साढ़े छह हजार करोड़ अतिरिक्त रुपए मिलने की संभावना है। साथ ही रेलवे के विस्तार और स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए १५ हजार करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। पढ़िए, मोदी सरकार के आखिरी बजट से मप्र को क्या फायदा मिला है।

### इकोनॉमिक रेलवे कॉरिडोर से एमपी को फायदा

राज्य वित्त विभाग के अफसरों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में सीमेंट का उत्पादन ज्यादा होता है। इसी तरह मिनरल रिसोर्स भी अधिक हैं। इस कॉरिडोर के बनने से कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा और मध्य प्रदेश को बड़ा आर्थिक लाभ होगा।



इस कॉरिडोर के बनने से माल ढुलाई में १०त्न की वृद्धि के साथ मालगाड़ियों की रफ्तार में भी इजाफा होगा। इसके अलावा दो पोर्ट कनेक्टिविटी और उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया गया है।

### मप्र में 900 करोड़ की लागत से 80 अमृत स्टेशन

केंद्रीय बजट में इस बार मप्र में रेल विस्तार और स्टेशन के आधुनिकीकरण पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेलवे के विस्तार के लिए मप्र के लिए १५ हजार १४३ करोड़ बजट का प्रावधान किया है। अमृत भारत योजना के तहत प्रदेश के ८० स्टेशनों का री-डेवलपमेंट किया जाएगा। इसके लिए ९०० करोड़ रु. बजट का प्रावधान किया गया है। बजट पेश होने के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि साल २०२३-२४ में मप्र में ७०० किमी से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बनाए गए और ६८ किमी ट्रैक का इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया। उन्होंने ये भी बताया कि आने वाले दिनों में मप्र में ७७ हजार करोड़ की लागत से ५ हजार किमी से ज्यादा के नए रेलवे ट्रैक बनाए जाएंगे।

# ज्ञानवापी केस- आज अहम दिन

## हाई कोर्ट में होगी सुनवाई, मुस्लिम पक्ष ने रखा बंद, जुमा की नमाज में उमड़ेगी भीड़

**एजेंसी, वाराणसी। ज्ञानवापी केस में शुक्रवार का दिन बेहद अहम होने जा रहा है। व्यास की के तहखाने में विग्रह की पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला अदालत के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यहां दिन में १२ बजे सुनवाई होगी। हाई कोर्ट के फैसले पर पूरे देश की नजर है।**

इस बीच, व्यास जी के तहखाने में पूजा का आज दूसरा दिन है। बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। दूसरी ओर, मुस्लिम पक्ष ने बंद का आह्वान किया है। इंतजामिया कमेटी की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर सभी मुस्लिमों से अपील की गई है कि



वे आज अपनी दुकानें बंद रखें और जुमे की नमाज पढ़ें।

आशंका जताई जा रही है कि आज जुमे की नमाज में भारी संख्या में लोग पहुंच सकते हैं। इस तरह दोनों पक्षों का आमना-सामना हो सकता है। पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### हिंदू पक्ष ने दायर की कैविएट

इस बीच, हिंदू पक्ष की ओर से भी हाई कोर्ट में कैविएट दायर की गई है। हिंदू पक्ष का कहना है कि उन्हें सुने बगैर हाई कोर्ट कोई फैसला न दे।

# ध्यान साधना का श्रेष्ठ रूप है - जैनाचार्य श्री विजयराज जी

### आचार्य श्री का इंदौर में मंगल प्रवेश, 04 युवाओं को जैन दीक्षा प्रदान करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी परंपरा के आचार्य एवं हुक्मगच्छीय शांतक्रान्ति संघनायक आचार्य श्री विजयराज जी महाराज एवं उपाध्याय प्रवर श्री जितेश मुनि जी महाराज आदि साधु साध्वी मंडल का आज दिनांक 1 फरवरी 2024 इंदौर शहर में स्नेहलतागंज - पत्थर गोदाम स्थित श्री गुजराती जैन स्थानक भवन मे मंगल प्रवेश हुआ ।

शांतक्रान्ति संघ के मीडिया प्रभारी प्रकल्प जैन ने बताया की आत्महत्या मुक्त विश्व एवं संस्कार निर्माण के विषय पर जन जाग्रति अभियान के माध्यम से सामाजिक क्रांति का संचार करने वाले आचार्य श्री विजय राज जी महाराज का तीन वर्षों बाद इंदौर नगर में प्रवेश हुआ है।आपका एवं आपके शिष्यमण्डल का विचरण करीब 1 महीने तक इंदौर क्षेत्र मे रहेगा।

आचार्य जी के नगर प्रवेश के अवसर पर जुलूस रूप में प्रभु महावीर के जयकारों के साथ शामिल हुए। प्रवेश पश्चात आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री विजयराज जी ने फरमाया कि एकाग्रता के साथ प्रभु का ध्यान लगाने वाले मनुष्य पर सांसारिक संकटों का कोई असर नहीं होगा। ध्यान को एक उत्कृष्ट साधना बताते हुए आचार्य श्री जी ने बताया कि ध्यान साधना से तात्कालिक के साथ ही स्थायी समाधान प्राप्त होते हैं। स्थायी स्थिरता ही सुख का मार्ग है।

इस अवसर पर उपाध्याय श्री जितेश मुनि जी महाराज ने भी धर्मसभा को साधना एवं आत्मकल्याण के सूत्रों पर संबोधन प्रदान किया। दीक्षा समिति के संयोजक संजीव लोढ़ा ने बताया कि अगले कुछ दिनों आचार्य श्री का विचरण इंदौर शहर में होगा जिसमें प्रतिदिन प्रातः प्रवचन, दिन में मांगलिक एवं अनेको धार्मिक गतिविधियों से जनजागृति संचालित होगी। आचार्य जी के सानिध्य में दिनांक 18 फरवरी को बास्केटबॉल काम्प्लेक्स मे 4 युवाओं की भगवती जैन दीक्षा होना भी संभावित है।

# सौ बेड का अस्पताल नहीं बना

### →अब 300 का बनाने का दावा, जिला अस्पताल का नया टेंडर जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर का जिला अस्पताल कब बनकर तैयार होगा, यह किसी को पता नहीं है। क्योंकि यहां आए दिन इसके निर्माण की योजना बदलती है और कंपनियों के टेंडर भी बदल जाते हैं। चार वर्षों से जिला अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा है। अस्पताल को 100 बेड का बनाने की योजना थी, लेकिन अभी तक यह बन नहीं पाया है। अब अधिकारी इसे वर्ष 2025 तक 300 बेड का बनाने का दावा कर रहे हैं। इसके लिए हाल ही में नया टेंडर भी जारी कर दिया गया है।**

अधिकारियों के मुताबिक, अब अस्पताल पांच मंजिल का बनाया जाएगा। इसके लिए करीब 83 करोड़ का नया टेंडर दिया गया है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब टेंडर बदला गया हो। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। टेंडर बदलने की प्रक्रिया के कारण ही अस्पताल का काम देरी से हो रहा है। अब शहर और आसपास के जिलों के मरीजों को करीब दो वर्ष और अस्पताल बनने का इंतजार करना पड़ेगा।

### अभी सिर्फ स्त्री एवं प्रसूति विभाग चल रहा

फिलहाल अस्पताल के नाम पर सिर्फ यहां



स्त्री एवं प्रसूति विभाग को शुरू किया गया है। अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को यहां भर्ती नहीं किया जा रहा है। जिला अस्पताल की नई इमारत तैयार होने के बाद यहां एमआरआइ, सीटी स्कैन जैसी मशीनें भी स्थापित की जाना है जो पहले से स्वीकृत हैं। इन सबका फायदा पश्चिम इंदौर की 15 लाख जनसंख्या को मिलेगा।

### कई बार हो चुके दौरे

अस्पताल निर्माण के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के कई बार दौरे हो चुके हैं, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। हर दौरे में जिम्मेदार जल्द निर्माण की बात करते हैं, लेकिन ऐसा होता नहीं है।

### निजी अस्पताल जाने पर मजबूर मरीज

जिला अस्पताल के काम की गति धीमी होने का सबसे ज्यादा खामियाजा पश्चिम क्षेत्र की जनता ही हो रहा है। उन्हें छोटे मोटे उपचार के लिए भी निजी अस्पतालों का मुंह ताकना पड़ता है। जिला अस्पताल पर नूरानी नगर, चंदन नगर, सिरपुर, बांक, द्वारकापुरी सहित दर्जनों बस्तियों के रहवासी आश्रित हैं। आसपास के दो दर्जन से अधिक गांव के लोग भी यहां इलाज के लिए आते हैं।

**पांच मंजिला बनेगा अस्पताल-** जिला अस्पताल का नया टेंडर हुआ है। पहले 100 बेड का अस्पताल बनाने की योजना थी, लेकिन अब इसे 300 बेड का किया जा रहा है। अब पांच मंजिल अस्पताल बनेगा।

**- डा. गिरधारीलाल सोढ़ी सिविल सर्जन**

## संभागायुक्त ने किया ओपीडी का निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त इंदौर मालसिंह ने गुरुवार की सुबह महाराजा यशवंतराव अस्पताल पहुंचकर यहाँ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहाँ ओपीडी का निरीक्षण किया और इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर जानकारी ली। संभागायुक्त ने यहाँ बन रहे टोकन काउंटर के बारे में भी जानकारी ली। भ्रमण के दौरान डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. संजय दीक्षित और एमवाय हास्पिटल के अधीक्षक डॉ. पी.एस. ठाकुर भी मौजूद थे।




# विद्यार्थियों के लिए एक लाख मार्कशीट सप्लाय करने में एजेंसी की दिलचस्पी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में अंकसूची खत्म हुए तीन महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है। दिसंबर में विश्वविद्यालय ने एक लाख मार्कशीट सप्लाय को लेकर टेंडर निकाला था, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) आधारित इन अंकसूचियों की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। कारण यह है कि टेंडर में किसी भी एजेंसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। मजबूरन विश्वविद्यालय प्रशासन को टेंडर की मियाद बढ़ाना पड़ गई है। साथ ही कुछ शर्तों में भी संशोधन किया गया है। एजेंसियों को आवेदन करने के लिए सप्ताहभर का समय और दिया है। उधर अंकसूची नहीं होने से विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ती जा रही है।**

स्नातक पाठ्यक्रम में एनईपी लागू हो चुकी है, जिसमें बीए, बीकाम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बीएसडब्ल्यू, बीजेएमसी सहित अन्य कोर्स है। प्रत्येक वर्ष एक से सवा लाख विद्यार्थियों का नामांकन होता है। इनकी वार्षिक प्राणाली के अंतर्गत परीक्षा होती है। विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने के बाद क्रेडिट पाइंट दिए जाएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय ने अंकसूची प्रारूप के आधार पर नया साफ्टवेयर बनाया है।

हर साल विश्वविद्यालय को तीन से चार लाख अंकसूची आवश्यकता पड़ती है, जो तीन महीने पहले खत्म हो गई है। अगस्त में ही आइटी सेंटर ने अंकसूची के बारे में विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत करा दिया था, लेकिन भंडार से अंकसूची की सप्लाय को लेकर प्रक्रिया नहीं की गई। इस बीच विधानसभा चुनाव के चलते टेंडर नहीं निकाला जा सका। आचार संहिता खत्म होने के बाद विश्वविद्यालय को नई अंकसूची की याद आई।

इस दौरान स्टाक में रखी पचास हजार अंकसूची भी खत्म हो गई। अब विद्यार्थियों को कम्प्युटराइज्ड अंकसूची को सत्यापित करवाना पड़ रहा है। अधिकारियों के मुताबिक अंकसूची की आवश्यकता माइग्रेशन और कालेज से टीसी के दौरान लगती है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय ने कम्प्युराइज्ड अंकसूची को सत्यापित करने की जिम्मेदारी परीक्षा और गोपनीय विभाग के अधिकारियों को दे रखी है।

# बोर्ड परीक्षा की सामग्री लेने नहीं आए पांच केंद्र अध्यक्ष

## सहायक केंद्र अध्यक्षों ने लेने से किया मना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 5 फरवरी से शुरू होगी। गुरुवार को मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से केंद्र अध्यक्ष और सहायक केंद्र अध्यक्ष को परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया। पांच केंद्र अध्यक्ष सामग्री लेने नहीं आए। इन केंद्रों के सहायक परीक्षा केंद्र अध्यक्ष जरूर आए, लेकिन उन्होंने सामग्री लेने से मना कर दिया और अपने केंद्र अध्यक्ष का सुबह से शाम तक इंतजार किया।**

इस गोपनीय परीक्षा सामग्री में मुख्य रूप से प्रश्नपत्र होते हैं। अफसरों ने बताया कि समझाने के बाद भी सहायक केंद्र अध्यक्षों ने सामग्री लेने से मना कर दिया है। अब शुक्रवार को शेष केंद्रों की सामग्री वितरित की जाएगी। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 137 केंद्र बने हैं। गुरुवार सुबह 10 बजे से जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) मंगलेश व्यास की मौजूदगी में परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया। डीईओ व्यास ने बताया कि नियमानुसार केंद्र अध्यक्ष नहीं होने पर सहायक केंद्र अध्यक्ष को परीक्षा सामग्री लेनी चाहिए। हमने सभी को समझाया, लेकिन उन्होंने सामग्री लेने से मना कर दिया।

### अस्थायी शिक्षकों को बनाया सहायक केंद्र अध्यक्ष

जिन शिक्षकों को सहायक केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है, उनमें से कई की विभाग में नियुक्ति 2021 में होकर अब तक अस्थायी शिक्षक हैं। ऐसे में गोपनीय सामग्री और प्रश्नपत्र देना लापरवाही है। डीईओ व्यास ने बताया कि उमावि स्तर के शिक्षकों के नाम सहायक केंद्र अध्यक्ष के लिए दिए थे। मुख्यालय से ही इन शिक्षकों को सहायक केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है।

# रिजल्ट आने के सालभर बाद एडीपीओ के साक्षात्कार, 4 मार्च से शुरू होगी प्रक्रिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सहायक जिला लोक अभियोजक अधिकारी (एडीपीओ) परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार को लेकर इंतजार अब खत्म हो गया है। गुरुवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने एडीपीओ के साक्षात्कार की तारीख तय कर दी। यह प्रक्रिया 4 मार्च से 4 अप्रैल के बीच रखी गई है। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी आवेदन पत्र 20 फरवरी से डाउनलोड कर सकेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, साक्षात्कार प्रक्रिया को लेकर आयोग ने आदेश पोर्टल पर जारी कर दिया है।

सालभर पहले आया परिणाम

2015 के बाद प्रदेश में एडीपीओ को लेकर नियुक्तियां नहीं हुईं। 2021 में एडीपीओ की परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी हुआ। 22 दिसंबर 2022 को आयोग ने परीक्षा करवाई। 4 जनवरी 2023 को परिणाम घोषित किया। इससे ओबीसी आरक्षण के चलते रिजल्ट को 87 और 13 प्रतिशत अनुपात पर बनाया है। 256 पदों के लिए 900 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। ये सारे साक्षात्कार प्रक्रिया का सालभर से इंतजार कर रहे थे। इसके लिए कई बार अभ्यर्थियों ने आयोग कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया। साक्षात्कार प्रक्रिया महीनेभर में खत्म की जाएगी।

### नए सिलेबस से करवाई परीक्षा

अभ्यर्थियों का कहना है कि एडीपीओ परीक्षा नए पाठ्यक्रम के आधार पर हुई। पहली बार एडीपीओ परीक्षा में सामान्य अध्ययन को भी सम्मिलित किया गया था। नए सिलेबस को लेकर भी कुछ अभ्यर्थियों ने आपत्ति दर्ज करवाई थी। इस मामले को लेकर याचिका भी दायर की गईं है, मगर आयोग ने इस बारे में अपना पक्ष रखा।

### रखना होंगे सभी दस्तावेज

लंबे समय बाद एडीपीओ पद पर भर्ती हो रही है। इसके लिए आयोग ने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने को लेकर कुछ दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। आयोग ने अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्र 20 फरवरी से डाउनलोड करने की सुविधा रखी है। साथ ही अभ्यर्थियों को सभी दस्तावेज लेकर प्रक्रिया में उपस्थित रहने को कहा है। अधिकारियों के मुताबिक, साक्षात्कार में आने वाले अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी अंकसूची-डिग्री, जाति-आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी पत्र सहित अन्य दस्तावेजों को साथ रखने पर जोर दिया है। अधिकारी रवींद्र पंचभाई ने कहा कि साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को घंटेभर पहले आयोग कार्यालय में पहुंचना होगा।

### मुख्य परीक्षा चार महीने आगे बढ़ाई

राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2023 को लेकर आयोग ने परीक्षा की तारीख में फेलबदल कर दिया है। पहले 25 फरवरी को परीक्षा रखी गई थी, जो चार महीने आगे बढ़ा दी। अब 30 जून को परीक्षा करवाई जाएगी। आयोग ने परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन को लेकर आदेश जारी कर दिया है।

# कंपनी को लगा दी दो लाख की चपत

→पार्सल बदलकर रख देता था ईंट पत्थर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। फ्लिपकार्ट से मोबाइल और अन्य महंगे आइटम ऑर्डर करने के बाद पार्सल में ईंट-पत्थर भरने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। यह कोई और नहीं, बल्कि फ्लिपकार्ट ऑफिस के ही कर्मचारी और डिलीवरी ब्वॉय मिलकर कर रहे थे। वे फर्जी ऑर्डर करके मोबाइल और अन्य सामान मंगाते थे। मोबाइल निकालकर वे साबुन या अन्य सामान रखकर पार्सल वापस कंपनी को भेज देते थे।

लगातार ऐसे मामले आने के बाद एरोड्रम पुलिस ने कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने वाले कर्मचारी के खिलाफ हेराफेरी का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हिमांशु भाटी निवासी गुरूकृपा कॉलोनी की शिकायत पर अभिषेक दुबे निवासी बिरला ग्राम नागदा उज्जैन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हिमांशु के मुताबिक जनशक्ति नगर में फ्लिपकार्ट का आफिस है। यहां अभिषेक दुबे कंपनी द्वारा दिए गए ओरिजनल पार्सल को निकालकर उसकी जगह ईट पत्थर रखकर पार्सल को रिटर्न कंपनी में भेज देता था। इसकी जानकारी कंपनी ने लगी तो जांच करने पर सही पाया।

अभिषेक दुबे के पास ब्रांडेड कंपनी की घड़ी, स्पीकर, स्मार्ट वाच, ब्लूटूथ हेडसेट, पॉवर बैंक, ब्लूटूथ स्पीकर, जूते, इलेक्ट्रानिक टूथब्रश जैसे बड़ी कीमत वाले कई प्रोडक्ट मिले हैं। उसने अब तक में 2 लाख का सामान की हेराफेरी की है। पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने ली संभागीय समीक्षा बैठक

# प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को और मजबूत बनाया जाएगा



इंदौर। प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि सहकारिता आंदोलन समाज के हर व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। समाज, परिवार, प्रदेश और देश समन्वय और परस्पर सहयोग के बगैर नहीं चल सकते है। सहकारिता की समाज में अहम भूमिका है। प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाया जायेगा। सहकारिता के माध्यम से समृद्धि की ओर आगे बढ़ेंगे। रोजगार के नए अवसर सृजित किये जायेंगे। सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने तथा उसको विस्तारित करने के लिये सहकारिता विभाग अब नए कलेवर और नयी सोच के साथ कार्य करेगा। इसके लिये बहुवर्षिय रोड मैप बनाकर सहकारिता आंदोलन में नयी तकनीक को शामिल करते हुए प्रक्रियागत सुधार के कार्य किये जायेंगे। सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार किया जायेगा तथा इस दिशा में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा दी गई गाईड लाईन का अक्षरशः पालन किया जायेगा।

सहकारिता मंत्री श्री सारंग आज इंदौर में सहकारिता और इससे जुड़े विभागों के अधिकारियों की संभागीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर पंजीयक सहकारिता आलोक कुमार सिंह, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, मंत्री के ओएसडी संजय एम भटनागर, संयुक्त आयुक्त बी.एल. मकवाना, इंदौर के उपायुक्त मदन गजभिए सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मंत्री श्री सारंग ने सहकारिता तथा इससे जुड़े विभागों के कार्यों की जिले वार समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे विभाग में नवाचार करते हुए नयी सोच, पारदर्शिता एवं पूर्ण इमानदारी से निष्ठावान होकर कार्य करें। भ्रष्टाचार में जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य करें। आर्थिक अनियमितताएं एवं किसी भी तरह की गड़बड़ी एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा

### सहकारिता विभाग अब नए कलेवर में नयी सोच के साथ करेगा कार्य-बहुवर्षिय रोड मैप बनाया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि सहकारिता आंदोलन समाज के हर व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। समाज, परिवार, प्रदेश और देश समन्वय और परस्पर सहयोग के बगैर नहीं चल सकते है। सहकारिता की समाज में अहम भूमिका है। प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाया जायेगा। सहकारिता के माध्यम से समृद्धि की ओर आगे बढ़ेंगे। रोजगार के नए अवसर सृजित किये जायेंगे।**

सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने तथा उसको विस्तारित करने के लिये सहकारिता विभाग अब नए कलेवर और नयी सोच के साथ कार्य करेगा। इसके लिये बहुवर्षिय रोड मैप बनाकर सहकारिता आंदोलन में नयी तकनीक को शामिल करते हुए प्रक्रियागत सुधार के कार्य किये जायेंगे। सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार किया जायेगा तथा इस दिशा में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दी गई गाईड लाईन का अक्षरशः पालन किया जायेगा।

सहकारिता मंत्री श्री सारंग इंदौर में सहकारिता और इससे जुड़े विभागों के अधिकारियों की संभागीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर पंजीयक सहकारिता श्री आलोक कुमार सिंह, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, मंत्री जी के ओएसडी श्री संजय एम भटनागर, संयुक्त आयुक्त श्री बी.एल. मकवाना, इंदौर के उपायुक्त श्री मदन गजभिए सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मंत्री श्री सारंग ने सहकारिता तथा इससे जुड़े विभागों के कार्यों की जिले वार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे विभाग में नवाचार करते हुए नयी सोच, पारदर्शिता एवं पूर्ण इमानदारी से निष्ठावान होकर कार्य करें। भ्रष्टाचार में जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य करें। आर्थिक अनियमितताएं एवं किसी भी तरह की गड़बड़ी एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। को-ऑपरेटिव बैंकों को प्रायवेट बैंकों के अनुरूप बनाये। इसे नए कलेवर में कॉरपोरेट सेक्टर की तरह प्रस्तुत करें। समय की आवश्यकता के अनुसार कार्य एवं व्यवहार में बदलाव लाये। जन-कल्याण के अधिक से अधिक कार्य करें। सहकार से समृद्धि की और प्रदेश को आगे बढ़ाये। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारी बैंकों रिक्त सभी पदों की पूर्ति सुनिश्चित करें। सहकारी समितियों में महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाये। एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत सहकारी सोसायटियों का गठन करें। इन्हें आर्थिक मदद देकर आगे बढ़ाये। को-ऑपरेटिव संस्थाओं के माध्यमसे मोबाइल साँची पार्लर की स्थापना कराई जाये। स्पोर्ट्स सेक्टर में भी सहकारिता को बढ़ावा दिया जाये। उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि गेहूं खरीदी कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही और अनियमितताएं नहीं की जाये। ऐसा करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि गेहूं खरीदी कार्य पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया के तहत इमानदारी से हो। उन्होंने सहकारी बैंकों द्वारा दिये गये ऋण वसूली की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि समय पर पूर्ण ऋण चुकाने वाले कृषकों और सदस्यों को सम्मानित किया जाये।

# इंडिया गठबंधन अब बचा कहा, उनके संयोजक तो भाजपा के साथ सरकार बना रहे

इंदौर। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में ज्ञानवापी मामले को लेकर कहा कि यह बहुत साफ है, देखिए इतिहास में बहुत सी चीज लिखित नहीं है। हमारे 1 हजार से ज्यादा मंदिरों को मुगलों द्वारा तोड़ा गया था, उन मंदिरों के प्रति लोगों की आस्था है। वह पीढी तो चली गई लेकिन अब हमें समझ आ रहा है कि इन मंदिरों को तोड़ा गया था लुटा गया था। क्योंकि पहले हमारे यहां मंदिरों मे ही खजाना होता था। इसलिए उनको तोड़ा भी गया और लूटा भी गया, इतिहास इस बात का साक्षी है। मुझे लगता है कि सारे प्रमाण देख कर ही न्यायालय



ने फैसला किया है। इससे देश में वह लोग जो भगवान में बहुत आस्था रखते है उनमें बहुत प्रसन्नता है। मंत्री विजयवर्गीय ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि गठबंधन अब बचा कहा है अब उनके संयोजक तो भाजपा के साथ सरकार बना रहे है। वहीं बजट पर विजयवर्गीय बोले की प्रधानमंत्री का फोकस गरीब कल्याण, महिला, युवा सशक्तिकरण और किसान पर है। इन चार वर्ग को इस बजट ने एकदम प्रभावित किया है। चाहे किसानों की बात करें हम, चाहें युवाओं की बात करें हम, चाहे महिला सशक्तिकरण की बात करें हम और गरीब कल्याण की बात करें कुल मिलाकर यह बजट देश के कल्याण का बजट है। जैसा पीएम ने कहा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन कि हमें 1 हजार साल के बाद के देश के बारे में भी सोचना है अभी से तो 2047 शताब्दी पूरी होगी स्वतंत्रता की उस वक्त का ध्यान रखते हुए बजट बना है।

# मंदिर में तोड़फोड़, शिवलिंग उखाड़ा

### गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम, पुलिस बल तैनात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना जिले के बमोरी में अज्ञात लोगों ने शिव मंदिर में तोड़फोड़ कर दी। मंदिर में स्थापित शिवलिंग भी उखाड़ दिया। गुरुवार सुबह मंदिर की हालत देख लोग सड़क पर उतर आए। गुस्साए लोगों ने बमोरी के मुख्य चौराहे पर चक्काजाम कर दिया है। हालात बिगड़ते देख मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। मंदिर बमोरी के आउटर इलाके में है। बताया जा रहा है कि देर रात इस मंदिर में नुकसान पहुंचाया गया है। लोग आरोपियों का पता लगाकर उनके घर गिराने की मांग कर रहे हैं।

बमोरी थाना प्रभारी अरविंद गौड़ ने बताया कि लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि 5-6 लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में 5-6 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मंदिर रास्ते के वीडियो फुटेज चेक कर रही है। एसडीओपी विवेक अष्ठाना ने बताया कि प्रदर्शन कर रहे लोगों से बात चल रही है।

#### एफआईआर में गांव के 7 लोगों पर जताया शक

बमोरी के सौरभ किरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि नई टंकी के सामने शिव मंदिर बना हुआ है। आज सुबह 5 बजे वह मंदिर के पास से गुजर रहे थे। देखा तो शिवजी की पिंडी और नंदी भगवान की मूर्ति टूटी पड़ी थी। सौरभ ने कहा कि उन्हें शक है कि शाहरुख, रिहान, वफाती, अनवर, जीशान, बिट्टू, रहीश ने मंदिर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया है। ये लोग गांव में रात 12 - 1 बजे तक घूमते रहते हैं।

# रेल बजट : महू खंडवा अकोला गेज कन्वर्जन के लिए 910 करोड़ आवंटित

### मालवा निमाड़ विदर्भ महाराष्ट्र को जोड़ने वाली रेल परियोजना को गति मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** गुरुवार को लोकसभा में पेश किया 2024-25 वर्ष के आम बजट में रेल विभाग का बजट भी शामिल करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महू खंडवा अकोला गेज कन्वर्जन परियोजना के लिए 910 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। इस भारी भरकम बजट के आवंटन से इस रेल परियोजना को गति मिलेगी। महू अकोला खंडवा गेज कन्वर्जन के लिए खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल लगातार रेल मंत्री एवं वित्त मंत्री से परियोजना को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए बड़े बजट आवंटन के लिए प्रयासरत थे। सांसद पाटिल ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

रेल समिति पूर्व सदस्य सुनील जैन और मनोज सोनी ने बताया कि महू खंडवा अकोला के बीच 910 करोड़ की बजट राशि आवंटन से मालवा निमाड़ विदर्भ महाराष्ट्र को जोड़ने वाली इस महत्तवपूर्ण रेल परियोजना को गति मिलेगी। इसके साथ ही खंडवा महू रेल खण्ड में विद्युतिकरण के लिए साढ़े 12 करोड़ का अतिरिक्त बजट आवंटन किया गया है। महू खंडवा 150 किमी तथा खंडवा अकोला 203 किमी मीटरगेज रेल मार्ग को ब्रॉडगेज रेल मार्ग में परिवर्तन का कार्य करने के लिए जनवरी 2017 के बाद से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसमें अकोला अकोट 60 किमी पर गेज कन्वर्जन



किया जा चुका है। इस मार्ग पर यात्री ट्रेन चल रही है। इसके आगे अकोट से अमूल्लाखुर्द के बीच 90 किमी पर अभी रेलवे ने भूमि अधिग्रहण, वन विभाग अनुमति ले ली है। यहां 29 किमी नया रूट से बढ़ाया गया है। अमूल्ला खुर्द से खंडवा 54 किमी गेज कन्वर्जन कर लिया है। फरवरी माह में इसके लिए सीआरएस निरीक्षण किया जायेगा।

खंडवा से सनावद 60 किमी गेज कन्वर्जन पुरा किया जा चुका है। इस पर यात्री ट्रेन चलने का इंतजार है। सनावद से ओंकारेश्वर के बीच अगले 6 महीनों में कार्य पूरा हो जाएगा। ओंकारेश्वर से महू के बीच लगभग 90 किमी कार्यों के कुछ हिस्सों में टेंडर स्वीकृत हो चुके है शेष मार्च तक हो जाएंगे।

# कब्जा करने से रोका तो किसान पर ट्रैक्टर चढ़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के करोंदगांव में एक किसान के ऊपर कथिततौर पर ट्रैक्टर चढ़ाने का मामलासामने आया। घायल किसान कोअस्पताल में दाखिल कराया गया।किसान का आरोप है कि दबंगकिसान उनकी जमीन पर कब्जाकरने की कोशिश कर रहे थे। जबउसने उन्हें रोका तो उन्होंने जान सेमारने की कोशिश की। किसान घूमनसिंह कुशवाह का आरोप है कि वहअपने परिजनों के साथ खेत में पानीदे रहे थे। इसी दौरान गांव में ही रहनेवाले सीताराम धाकड़ और मनीषधाकड़ मौके पर आकर विवाद करनेलगे। दोनों अपने ट्रैक्टर से घूमनसिंह कुचलने का प्रयास किया,जिसकी चपेट में आने से घूमन कोचोटें आई हैं। आरोप है कि मनीषधाकड़ ने घूमन के साथ लाठी सेमारपीट भी की है। बताया जा रहा हैकि घूमन सिंह कुशवाह केआधिपत्य और स्वामित्व की करीब8 बीघा जमीन पर दबंग कब्जाकरना चाहते हैं।

# फरवरी महीने में बादल, ठंड-गर्मी का ट्रेंड

### इस बार भी ऐसा ही मौसम, 6 फरवरी के बाद तेज ठंड का हल्का दौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में फरवरी महीने में बादल, ठंड और गर्मी का ट्रेंड रहता है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 3 फरवरी से उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। यह स्ट्रॉन्ग बताया जा रहा है। बादल ज्यादा नीचे रहे, तो बूंदाबांदी भी हो सकती है। सिस्टम गुजरने के बाद 6 फरवरी से तेज ठंड का हल्का दौर फिर से आ सकता है। इधर, कड़ाके की ठंड से राहत मिलने के बाद भोपाल में स्कूलों का समय फिर से बदल दिया गया है। नए सिस्टम से पहले एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी है। मध्यप्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। बुधवार को भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में बादल छाए रहे। इस कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। मौसम वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया कि प्रदेश में अभी पश्चिमी विक्षोभ का असर है। हालांकि, बारिश की संभावना नहीं है। 3 फरवरी को एक और पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके गुजरने के बाद रात के तापमान में मामूली गिरावट होगी, जो सामान्य के नजदीक पहुंच सकते हैं। इससे हल्की तेज ठंड देखने को मिलेगी।

# स्कूली छात्रों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 42 बच्चे घायल

### 4 को झालावाड़ रैफर किया, प्राचार्य निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच। नीमच जिले के मनासा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चौकड़ी के शासकीय हाई स्कूल के 61 विद्यार्थी गुरुवार को दुर्घटना का शिकार हो गए। सभी स्कूली विद्यार्थी 10वीं के विद्याथीर्यों के विदाई समारोह की पार्टी के उपलक्ष्य में ट्रैक्टर ट्राली से गांधी सागर बांध घूमने में गए थे।**



गांधी सागर बांध से महज कुछ मीटर दूर ढलान में मोड़ पर ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 42 बच्चे घायल हो गए, जिन्हें मंदसौर जिले के भानपुरा के शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से चार बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें राजस्थान के झालावाड़ रेफर किया गया।

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने चौकड़ी के शासकीय हाई स्कूल के प्रिंसिपल प्रकाश धाकड़ को निलंबित कर दिया है। प्रारंभिक तौर पर हादसे में स्कूल के प्राचार्य की लापरवाही सामने आई है। क्योंकि प्राचार्य ने इस तरह घूमने जाने के संबंध में किसी भी तरह से विभागीय प्रशासनिक स्वीकृति नहीं ली थी। इतना ही नहीं नियम विरुद्ध सभी विद्यार्थियों को ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर ले जाया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी नीमच सी के शर्मा का कहना है कि हादसे की जानकारी मिलते ही चौकड़ी हाई स्कूल के प्राचार्य प्रकाश धाकड़ को निलंबित कर दिया गया है। उनके द्वारा किसी भी तरह की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। मामले की जांच की जा रही है आगे नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इन्हें किया झालावाड़ रेफर-वर्षा धाकड़ बंसीलाल (14) हिमांशु धाकड़ शंकरलाल (15) निकिता दिनेश बैरागी (15) अरविंद धाकड़ बाबूलाल (13)

# उज्जैन के पार्क में आधारकार्ड दिखाकर एंट्री

### प्रेमी जोड़ों की वजह से हो रहे विवाद पर नगर निगम का फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन के चकोर पार्क में अब आधारकार्ड दिखाने पर एंट्री मिलेगी। नगर निगम ने इसके आदेश जारी किए हैं। इसके बाद से यहां आने-जाने वालों के आधारकार्ड चेक किए जा रहे हैं। मोबाइल नंबर भी लिए जा रहे हैं। इसके पीछे की वजह यहां प्रेमी जोड़ों की वजह से हो रहे विवाद बताई जा रही है।**

बुधवार को मक्सी रोड स्थित पार्क का लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग प्रभारी शिवेंद्र तिवारी और महापौर ने निरीक्षण किया था। शिवेंद्र तिवारी ने बताया कि पार्क में कुछ रोज पहले असामाजिक तत्वों ने कर्मचारी पर हमला कर दिया था। यहां नाबालिग के साथ छेड़खानी का मामला भी सामने आया था। इसी वजह से पार्क में एंट्री के लिए आधारकार्ड जरूरी किया है।

#### अलग धर्म के लड़के-लड़की को पकड़ा था

चकोर पार्क में दो दिन पहले हिंदू जागरण मंच ने नाबालिग के साथ दूसरे धर्म के नाबालिग लड़के को पकड़ा था। इसे लेकर जमकर हंगामा भी हुआ था। नगर निगम ने पार्क में अब एंट्री फी (15 रुपए/व्यक्ति) भी तय कर दी है। 32 सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है।

#### पार्क में आने वालों की संख्या घटी

पार्क की देखरेख करने वाले संदीप भदौरिया ने बताया कि आदेश के बाद हमने आधार देखने के साथ उसकी एंट्री करना भी शुरू कर दिया है। नए नियम से पहले रोजाना 60 से 70 कपल रोजाना आते थे। अब यह संख्या आधी हो गई है। मात्र 20 से या 25 कपल ही रोजाना आ रहे हैं।

Jharkhand

# कोयला तस्कर ने हवा में उड़ाए नोट, पुलिसकर्मी उसे छोड़ चुनने लगे पैसे, चली गई नौकरी

**रामगढ़, (एजेंसी)** झारखंड के रामगढ़ जिले में अवैध रूप से कोयला ले जा रहे एक मोटरसाइकिल सवार को जब पुलिस ने पकड़ा तो आरोपी हवा में नोट उड़ाने लगा. ये देखकर पुलिसकर्मी उसे छोड़कर सड़क पर बिखरे नोटों को चुनने में जुट गए.

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद रिश्वत लेने के आरोप में 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया. सड़क से पैसा चुनने के आरोप में एक एएसआई को भी निलंबित किया गया है.

ये सभी वीडियो में रिश्वत के रूप में सड़क पर फेंके गए नोटों को उठाते हुए नजर आ रहे थे. इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था



जिसके बाद रामगढ़ जिला पुलिस मुख्यालय ने इसकी जांच के आदेश दिए थे. पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कहा, 'हमने उस वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें गश्त ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मी अवैध रूप से कोयला ले जा रहे एक मोटरसाइकिल चालक द्वारा रिश्वत के रूप में सड़क पर फेंके गए पैसे उठाते दिख रहे हैं. उन्होंने कहा, मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए गए हैं.'

उन्होंने कहा, 'रामगढ़ उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) किशोर कुमार रजक ने जांच की और आरोपों को सही पाया, जिसके बाद रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद हुए सभी चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया.' उन्होंने कहा कि इस तरह का कृत्य किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

Himachal

## नशे की लत ने 34 युवाओं को कर दिया एचआईवी पॉजिटिव, स्वास्थ्य विभाग की जांच में खुलासा

**शिमला, (एजेंसी)** कांगड़ा जिले में पुलिस की नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान नशा करने वालों की मेडिकल जांच में कई बीमारियों के खुलासे हुए हैं। नूरपुर क्षेत्र के 34 युवा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। जांच में सामने आया है कि पीड़ितों में ज्यादातर ने एक ही सिरिंज से नशा किया है। पीड़ितों में 25 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के युवा हैं।

नूरपुर में नशे के बढ़ते काले कारोबार ने युवाओं को नशेड़ी बनाने के साथ-साथ एचआईवी पॉजिटिव बना दिया है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में सामने आया है कि नूरपुर क्षेत्र में सामने आए इन मामलों में अधिकतर युवा एक ही सिरिंज से नशा कर रहे थे। इससे एक व्यक्ति में पाया जाने वाला एचआईवी का वायरस समूह में सिरिंज के माध्यम से नशा करने वाले अन्य युवाओं के शरीर में पहुंचा है।

हैरानी इस बात की है कि एचआईवी पॉजिटिव मामले उन युवाओं में पाए गए हैं। जिनकी नशे की हालत में पकड़े जाने पर स्वास्थ्य जांच की गई। आशंका है कि क्षेत्र में ऐसे कई और भी युवा होंगे, जो जांच न होने के कारण एचआईवी संक्रमण लेकर घूम रहे होंगे।

एचआईवी के लक्षण

एक माह में शरीर के वजन में 10 प्रतिशत से अधिक की कमी आना।

एक माह में कई बार बुखार चढ़ना।

गंभीर क्षयरोग का होना।

सांस लेने में परेशानी होना।

8 से 10 वर्ष में बीमारियों के लक्षण प्रकट हो जाते हैं जो एचआईवी की स्थिति बनाते हैं।

नूरपुर क्षेत्र में जांच के दौरान हैरान करने वाले मामले सामने आए हैं। क्षेत्र के 34 युवा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं।

New Delhi

## एक साल में भी कुछ साबित न हो तो वापस लौटाओ जब्त की प्रॉपर्टी, ED को हाई कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ चल रही जांच में एक साल के बाद भी कोई आरोप साबित नहीं हो पाता है तो फिर ईडी को उसकी जब्त की गई संपत्ति लौटानी होगी। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने यह बात कही। अदालत ने कहा कि यदि 365 दिनों की



जांच के बाद भी कुछ साबित नहीं होता है तो फिर संपत्ति को सीज करने की अवधि लैप्स हो जाती है। फिर उस संपत्ति को संबंधित शख्स को लौटाना होगा। अदालत ने महेंद्र कुमार खंडेलवाल बनाम ईडी के मामले में सुनवाई करते हुए यह बात कही है।

Bihar

## समस्तीपुर: गिट्टी लदा लोडर पलटने से 2 लोगों की मौत, गुस्साई भीड़ ने फूंका ट्रक

**समस्तीपुर, (एजेंसी)** समस्तीपुर के दलसिंहसराय के सरदारगंज में एनएच 28 के पास विद्यापतिनगर जाने वाली मार्ग में गिट्टी लोड ट्रक के पलट जाने से उसमें दबकर बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे की जानकारी मिलते ही लोगों में सनसनी फैल गयी जिससे सरदारगंज में देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ उमड़ गयी। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस के खिलाफ नाराजगी भी जतायी। इसी बीच किसी ने पुलिस की 112 डायल की गाड़ी का शीशा फोड़ दिया। बाद में ट्रक हटाने पर लोगों ने दोनों मृतकों के शव को लेकर एनएच को जाम कर दिया। हालांकि इंस्पेक्टर कुमार ब्रजेश ने सभी को समझा कर जाम हटवा शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बाइक सवार मृतकों की बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के समसीपुर के वार्ड 3 निवासी गोपाल राय (35) और बोचो राय (50) के रूप में पहचान हुई है। बताया गया है कि गोपाल राय राय ट्रैक्टर मालिक व उमेश राय ट्रैक्टर का ड्राइवर है। केवटा निवासी दीपक यादव की पत्नी रागनी ने बताया कि गोपाल राय उसका भाई है। वे उमेश राय के साथ ट्रैक्टर ठीक कराने हेतु दलसिंहसराय आये थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गये। बताया गया है कि गिट्टी लोड ट्रक तीन दिनों से सरदारगंज के पास ही एक गैरेज में बन रहा था। बनने के बाद गुरुवार दोपहर करीब दो बजे गैरेज से निकल दलसिंहसराय की ओर आ रहा था। इसी दौरान सरदारगंज से विद्यापतिनगर की ओर जाने वाली रोड में अचानक पलट गया जिससे बगल से गुजर रहे बादक सवार दोनों लोग उसकी चपेट में आकर दब गये।

खेल

# चेन्नई ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सुमित नागल, ऑस्ट्रेलिया ओपन में रचा था इतिहास

**चेन्नई। चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टेनिस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई सुमित नागल करेंगे। विश्व में 121वीं रैंकिंग के सुमित ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 31वीं वरीय कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया था।**

उनके अलावा रामकुमार रामानाथन और शशिकुमार मुकुंद भी खेलेंगे। दोनों को वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश दिया गया है। इटली के ल्यूका नार्डी को शीर्ष वरीयता दी गई है।

युगल में अर्जुन खाडे और जीवन नेदुनचेझियन को शीर्ष वरीयता मिली है। चैलेंजर सीरीज के तहत अगले तीन टूर्नामेंट बंगलूरू, पुणे और दिल्ली में




खेले जाएंगे। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में इतिहास रचा था। वह 1989 के बाद से ऑस्ट्रेलियन ओपन में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए थे। नागल ने पहले दौर में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को 6-4, 6-2, 7-6 (7-5) से हराया था। हालांकि, दूसरे दौर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

सिनेमा

## अक्षरा सिंह के शो में जमकर हंगामा, बेकाबू भीड़ ने तोड़ीं कुर्सियां, पुलिस ने किया लाठीचार्ज



भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह के शो में जमकर हंगामा हो गया. अक्षरा गुरुवार को यूपी के सिद्धार्थनगर में एक इवेंट में परफॉर्म करने पहुंची थीं. भोजपुरी एक्ट्रेस को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी. शो के दौरान दर्शकों ने बेकाबू होकर सैकड़ों कुर्सियां तोड़ डाली. जमकर हंगामा हुआ. ऐसे में भीड़ को शांत करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा.

अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर और खूबसूरत एक्ट्रेस हैं. दिन-ब-दिन उनकी लोकप्रियता आसमान छू रही है. यही वजह है कि उनकी एक झलक पाने को फैंस बेताब दिखाई देते हैं. गुरुवार को वह यूपी के सिद्धार्थनगर जिले में चल रहे पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव के अंतिम दिन भोजपुरी नाइट में परफॉर्मेंस देने पहुंची थीं.

भोजपुरी नाइट में अक्षरा सिंह के प्रोग्राम को देखने के लिए हजारों लोग महोत्सव का हिस्सा बनने पहुंचे थे. उम्मीद से ज्यादा दर्शक पहुंचने की वजह से वहां बैठने की व्यवस्था बिगड़ गई. थोड़ी देर बाद एक्ट्रेस ने इवेंट में अपनी परफॉर्मेंस देनी शुरू की. कार्यक्रम शुरू ही हुआ था कि कुछ देर बाद पीछे की ओर बैठी भीड़ ने अपना आपा खोना शुरू कर दिया. लोग अपना गुस्सा वहां रखी कुर्सियां तोड़कर निकालने लगे.

# संपादकीय

## मोदी सरकार के विजन को कायम रखा

सरल भाषा में बजट का मतलब होता है कि हमारे पास जो पैसा आ रहा है, उसको हम कैसे और किस दिशा में खर्च करेंगे? यही असली बजट होता है और यही होना चाहिए। पिछले कुछ सालों में कुछ राज्यों और पिछली केंद्र सरकारों के बजट लोकलुभावन वादों से भरे होते थे, लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने पहले बजट से लेकर और अपने इस बजट तक मोदी सरकार के विजन को कायम रखा है। बजट से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस दिशा में देश को ले जाना चाहते हैं, जिस दिशा में देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं, चाहे कुछ भी हो जाए, चाहे कैसी भी परिस्थितियों का सामना करना पड़े, वो डिगेंगे नहीं। जैसा कि सोचा जा रहा था कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नरेंद्र मोदी सरकार का अंतिम अंतरिम बजट लोकलुभावन होगा, वैसा कुछ नहीं हुआ। न किसानों की सम्मान निधि बढ़ाई गई, न ही मध्यम वर्ग को खुश करने के लिए इनकम टैक्स सिलेब में कोई बदलाव हुआ। पेट्रोल-डीजल को गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) के दायरे में लाकर कीमतें कम करने की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। अंतरिम बजट में वित्तमंत्री ने कुछ विपक्षी सरकारों की मुफ्त बिजली देने की योजनाओं को भी पंक्चर करने की कोशिश। छत पर सोलर पैनल लगाने से एक करोड़ परिवार प्रति माह 300 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली प्राप्त कर सकेंगे। यह योजना अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की थी। इससे हर वर्ष एक परिवार के 15-18 हजार रुपए बचेंगे। सरकार ने बजट में रिन्यूएबल एनर्जी पर भी खूब जोर दिया है। वर्ष 2014 के बाद सरकार का टैक्स रेवेन्यू तीन गुना तक बढ़ गया है, लेकिन सरकार बढ़ी धनराशि को मुफ्त योजनाओं में लगाने के बजाय देश के विकास में खर्च करने की मंशा रखती है। यह देश के लिए अच्छी बात है। वित्तमंत्री ने स्पष्ट किया कि वो वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसी के चलते वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। सरकार का यह कदम देश हित में है, लेकिन इसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। एक अच्छी बात यह भी है कि स्वदेशी कंपनियां के कॉरपोरेट टैक्स को कम किया गया है। अब उन्हें 30 प्रतिशत के बजाय 22 प्रतिशत का टैक्स देना पड़ेगा। कुछ नई विनिर्माण कंपनियों के लिए यह 15 प्रतिशत ही होगा। इससे विकास को गति मिलेगी। अंतरिम बजट में एक अच्छी बात यह है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2009-10 से पहले लंबित टैक्स मामले और डिमांड वापस लेने का निर्णय लिया है। करीब 25,000 करोड़ रुपए की राशि फंसी है। वित्त मंत्री ने कहा भी कि इससे एक करोड़ ईमानदार टैक्सपेयर्स को कानूनी झंझटों से निजात मिलेगी। अमृत काल के बाद अब कर्तव्य काल की बात मोदी सरकार ने की है, यानी सरकार का साफ मत है कि सभी भारतीयों को मिलकर वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना है। सबको अपना-अपना कर्तव्य निभाना है। अंतरिम बजट में विकास की एक दिशा दिखाई देती है। विकास की गारंटी की बात जो प्रधानमंत्री कह रहे हैं, वो झलकती है। मोदी सरकार ने विकास का एक रोडमैप पिछले कुछ सालों में बनाया है, वो उसी पर चलते जा रहे हैं। अपने बजट भाषण में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भी, जुलाई में आकर पूर्ण बजट पेश करेंगे, इससे सरकार का आत्मविश्वास झलकता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*इश्क़ की चोट का कुछ दिल पे असर हो तो सही*
*दर्द कम हो या ज़ियादा हो मगर हो तो सही*

*-जलाल लखनवी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भक्ति एक तकनीक है, भजन के भव्य महल में प्रवेश करने के लिये एक विधि है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# लगातार छठी बार बजट पेश करने वाली पहली महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कितनी पढ़ी लिखी हैं?

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट आज पेश हुआ। बतौर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक रिकॉर्ड सेट करते हुए लगातार छठी बार बजट पेश किया। वह पहली महिला वित्त मंत्री हैं, जिन्होंने छह बार आम बजट संसद में पेश किया है। इसके पहले मोरारजी देसाई ने छह बार बजट पेश किया था।

प्रतिवर्ष बजट पेश करने के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण की घोषणाओं का जितना लोगों को इंतजार होता है, उतना ही उनके लुक पर भी लोगों को ध्यान रहता है। हर साल सीतारमण हैंडलूम साड़ी में बजट पेश करने के लिए संसद पहुंचती हैं। इसी के जरिए वह भारत के हैंडलूम को बढ़ावा देती हैं।

अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने महिला सशक्तिकरण के साथ ही कई अन्य घोषणाएं कीं। महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए वित्त मंत्री बेहतर मिसाल हैं। आइए जानते हैं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की शिक्षा और उनके राजनीतिक जीवन के बारे में।



### निर्मला सीतारमण कितनी शिक्षित?

तमिलनाडु के मदुरै में 18 अगस्त 1959 को एक ब्राह्मण परिवार में निर्मला सीतारमण का जन्म हुआ। सीतारमण के पिता का नाम नारायण सीतारमण और माता का नाम सावित्री देवी है। बचपन से ही सीतारमण पढ़ाई में होशियार थीं। उन्होंने तिरुचिरापल्ली के सीतालक्ष्मी कॉलेज से बीए की डिग्री हासिल की। 1980 में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में परास्नातक की पढ़ाई की। बाद में एमफिल की डिग्री प्राप्त की।

### निर्मला सीतारमण का पारिवारिक जीवन

जब सीतारमण जेएनयू से एमफिल की पढ़ाई कर रही थीं, उस दौरान उन्हें अपने सहपाठी पराकला प्रभाकर से प्यार हो गया। दोनों ने शादी कर ली और लंदन में शिफ्ट हो गईं। 1991 में उनकी पहली संतान का जन्म हुआ, उससे पहले वह स्वदेश लौट आईं। बाद में हैदराबाद में रहने लगीं।

### सीतारमण का करियर

पढ़ाई पूरी करने के बाद निर्मला सीतारमण ने प्राइस टपर हाउस कूपर में सीनियर मैनेजर की पदभार को संभालते हुए अपने करियर की शुरुआत की। बाद में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस में भी कार्य किया। हैदराबाद वापस आने के बाद प्रणव स्कूल की स्थापना में वह संस्थापकों में से एक रहीं। नेशनल कमीशन आफ वीमेन की सदस्य भी रहीं।

### निर्मला सीतारमण का राजनीतिक करियर

सीतारमण के पति भारतीय जनता पार्टी से जुड़े थे। साल 2000 में उनके पति भाजपा के आंध्र प्रदेश यूनिट के प्रवक्ता रहे। इस दौरान सीतारमण की भी राजनीति में समझ और रूचि बढ़ी। बाद में 2006 में सीतारमण ने भी भाजपा ज्वाइन कर ली। हालांकि उनके पति ने अगले ही वर्ष फिल्म स्टार चिरंजीवी की पार्टी ज्वाइन कर ली। लेकिन निर्मला सीतारमण भाजपा से जुड़ी रहीं और उस दौर में पार्टी के 6 प्रवक्ताओं के बीच उन्हें जगह मिली। वर्ष 2010 में सीतारमण भाजपा की पार्टी की प्रवक्ता बनीं।

### सीतारमण की राजनीतिक उपलब्धि

2014 लोकसभा चुनाव के दौरान सीरारमण की भूमिका अहम रही। 2016 में निर्मला सीतारमण को स्वतंत्र चार्ज के तहत मिनिस्टर ऑफ स्टेट का पद मिला। एनडीए सरकार बनने पर उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया। 2017 में सीतारण ने देश की महिला रक्षा मंत्री के तौर पर शपथ ली। वह पूर्ण सामायिक महिला रक्षामंत्री बनीं। वहीं 2019 में उन्हें वित्त मंत्री का पद सौंपा गया। इंदिरा गांधी के बाद निर्मला सीतारमण दूसरी महिला रक्षा मंत्री और पहली पूर्णकालिक महिला रक्षा मंत्री बनी थीं। इसी के साथ वह देश की पहली महिला वित्तमंत्री रहीं, जो लगातार छह बार से इस पद पर हैं। वहीं मोरारजी देसाई के बाद दूसरी वित्तमंत्री भी हैं।

## Highlights

1. **Interim Budget is positive, it should be welcomed: Nitish Kumar**
2. **Pics show JMM-led alliance MLAs inside flight at Ranchi airport**
3. **JMM-led alliance MLAs board flight amid poaching fears, return as it gets cancelled**
4. **Philips introduces India's first* hair straightener for no heat damage****
5. **US approves $4 billion deal to sell 31 predator drones to India**
6. **Meta declares first-ever dividend, shares jump 14%**

# Paytm's Vijay Shekhar Sharma assures users app will keep working beyond Feb 29



**NEW DElHI, (Agency).** Paytm founder Vijay Shekhar Sharma said that the app would continue to operate beyond February 29 as he allayed user concerns after Reserve Bank of India's (RBI) action. Taking to X (formerly Twitter), Vijay Shekhar Sharma said, "To every Paytmer, Your favourite app is working, will keep working beyond 29 February as usual. I with every Paytm team member salute you for your relentless support. For every challenge, there is a solution and we are sincerely committed to serve our nation in full compliance."

Expressing confidence in India's continued progress in the digital finance sector, he said, "India will keep winning global accolades in payment innovation and inclusion in financial services - with PaytmKaro as the biggest champion of it."

This comes after the RBI issued a notice on January 31 barring Paytm Payments Bank from providing banking services after February 29. The central bank cited compliance issues but did not disclose the reason for stringent penal action against Paytm. The company has been assuring users that all services tied to Paytm Payments Bank will be transferred to other lenders. Thus, it has said that Paytm services will not be disrupted from March 1.

Earlier, Vijay Shekhar Sharma said, "This is an opportunity for us to come out better, stronger, abler, and more capable for the regulator's eye and we are going to make sure that we will get out of this situation."

### Paytm share price

This comes as Paytm share price witnessed strong selling pressure. The stock hit its 20 per cent lower circuit for the second consecutive session today as it opened at ₹487.05 against the previous close of ₹608.80 on the BSE. In the previous session as well, Paytm share price cracked 20 per cent.

# India continues to be bright spot of world despite challenges : Piyush Goyal



**NEW DElHI, (Agency).** The global economic uncertainties have impacted foreign direct investment (FDI) but despite these challenges, India will continue to be the bright spot of the world for overseas players, says Commerce and Industry Minister Piyush Goyal.

While signing free trade agreements (FTAs) or bilateral investment treaties (BITs), the government always ensures the terms are best for India, Goyal told PTI in a post-budget interaction.

Finance Minister Nirmala Sitharaman in her budget speech on Thursday said India is negotiating BITs with different countries in the spirit of 'first develop India'.

She said that geopolitically, global affairs are becoming more complex and challenging with wars and conflicts.

"The global uncertainty has certainly impacted FDI, particulary considering that the interest rates in the US and other developed countries have massively seen a spike," Goyal told PTI.

# मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश रश्मि वाल्टर ने आरोपी परमाल पिता काशीराम जाटव निवासी ग्राम छापी जिला शिवपुरी को 20 वर्ष की सजा और 2000 रुपए अर्थदंड दिया है।**

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अभियोजन द्वारा प्रत्येक पहलू को बारिकी से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया और 10 लोगों की गवाही कराई। कोर्ट ने सजा के साथ पीड़ित बालिका को दो लाख रुपए प्रतिकर के रूप में देने के भी आदेश दिए। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता की दादी(फरियादी) इंदौर में घरेलू काम करती है। तीन-चार दिन पहले आरोपी वहां किराए से कमरा देखने आया था। इस पर फरियादी ने कहा कि पहले डॉक्यूमेन्ट और उसके बाद सामान लाना। आरोपी ने 31 दिसम्बर 2019 की शाम सवा छह बजे कमरा किराए पर लिया। 15 मिनट बाद उसने फरियादी की 5 साल की पोती को कमरे में बुलाया। थोड़ी देर बाद बच्ची रोती हुई आई और उसने बताया कि परमाल ने उसके साथ अश्लील हरकत की। फरियादी ने घटना अपने बेटे को दी। बेटे ने आरोपी के खिलाफ विजयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

## मारपीट करने वाले आरोपी को सजा

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पंकज शर्मा ने मारपीट के मामले में आरोपी भगतसिंह पिता दिलीपसिंह परिहार निवासी बड़ोदिया खान को 2 की सजा और 500 रुपए जुमार्ना किया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रवीण मेहरा के अनुसार, फरियादी राकेश ने दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह 13 नवंबर 2016 को ग्राम रामवासा जिला उज्जैन से ग्राम किठोदा आ रहा था। शाम 7.30 बजे किठोदा फाटा पहुंचा था, तभी आरोपी ने रोककर कहा कि उसने उधार लिए पैसे अब तक क्यों नहीं लौटाए। इसी को लेकर लाठी से हाथ-पैर में चोट पहुंचाई। मामले में सांवेर पुलिस ने आरोपी पर धारा 294, 341, 323, 506 का केस दर्ज किया था।

# नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने और दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र में करीब तीन महीने पहले एक नाबालिग अचानक लापता हो गई थी। इसके बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस नाबालिग की तलाश कर रही थी। मामले में बुधवार देर रात पुलिस ने बालिका का दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि बगदून थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय बालिका तीन महीने पहले अचानक लापता हो गई थीं। इसके बाद नाबालिग के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की थी। इसके बाद आस पास पूछताछ करने और सीसीटीवी खंगालने पर नाबालिग को एक युवक के बहला फुसला कर ले जाने की बात पता चली। इसके बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। बीती रात गश्त के दौरान पुलिस ने आरोपी गुलाब पिता गंगा बिसन सबनेरा (20) को सागौर रोड से गिरफ्तार कर नाबालिग को उसके परिजनों को सौंपा। युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर किया गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक हिना जोशी, सहायक उप निरीक्षक पदम सिंह, विशाल महाजन,अनिल सांखला का सराहनीय योगदान रहा।




## कमरे में मिली युवक की लाश, साइलेंट अटैक की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर के थाना सेक्टर एक में युवक की साइलेंट अटैक से मौत का मामला सामने आया है। छत्रछाया कॉलोनी स्थित मल्टी में किराए पर रहने वाले एक 28 वर्षीय युवक सूरज पुत्र शिवाजी कड़वे सुबह कमरे में मृत मिला। थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि सुबह युवक के ममेरे भाई प्रहलाद पुत्र रामपद ने ऑफिस जाने के लिए फोन लगाया। कई बार कॉल करने के बाद भी जब फोन नहीं उठा तब मकान मालिक के साथ मिलकर दरवाजा खोला। कमरे में सूरज मृत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक सोहन सिंह कायत ने मौके पर पहुंचे और पंचनामा बना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## प्रापर्टी कारोबारी पर छेड़छाड़ का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक प्रॉपर्टी कारोबारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली युवती की शिकायत पर राऊ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम अनुज सिंह निवासी पिगडंबर राऊ है। उसका एमजी रियल स्टेट प्रॉपर्टी के नाम से कारोबार है। वहीं काम करने वाली एक कर्मचारी युवती ने आरोप लगाया कि अनुज उस पर गलत नियत रखता है। उसने विरोध किया तो उसका हिसाब करने का बहाना कर एक कैफे में ले गया और वहां अश्लील हरकत की। उसके पैसे भी नहीं दिए। बाद में जान से मारने की धमकी दी है। पीडिता ने पुलिस को शिकायत की थी अब केस रजिस्टर्ड हुआ है।

## खुद को कुंवारा बताकर युवती की अस्मत लूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शादीशुदा युवक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ है। पीड़िता ने उस पर आरोप लगाया कि आरोपी ने खुद को कुंवारा बताकर उसे प्रेम जाल में उलझाया और उसकी आबरू से खिलवाड़ किया। बाद में जातिगत गालियां देकर धमकी दी है। जूनी इंदौर पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम दीपक सोनी है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी ने खुद को कुंवारा बताया उसे प्रेम जाल में उलझाकर शादी करने का झांसा दिया और सिंधी कॉलोनी में कई बार उसका दैहिक शोषण किया है। पीड़िता को जब पता लगा कि दीपक पहले से विवाहित है तो उसने विरोध किया तब आरोपी दीपक ने धमकी दी थी।

## 8 लाख लेकर भागे नौकर का नहीं लगा सुराग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बर्तन फैक्टरी संचालक के आठ लाख रुपये लेकर भागा नौकर अब तक पुलिस के हाथ नहीं आया है। फैक्टरी संचालक ने आरोपी का फोटो और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपे है। पुलिस अभी तक आवेदन पत्र की ही जांच कर रही है। गांधीनगर को फरियादी पंकज कसेरा ने शिकायत कर कहा था कि नौकर संदीप को चाय लेने भेजा था। जिस गाड़ी से चाय लेने भेजा उसकी डिक्की में आठ लाख रुपये रखे थे। संदीप ने रुपये निकाले और गाड़ी सांवेर रोड़ स्थित अरविंदो अस्पताल की पार्किंग में छोड़ दी। बुधवार को उसने काल कर कहा कि एक्सिडेंट हो गया था। गाड़ी अस्पताल की पार्किंग में छोड़ दी है।

## लात घूसों से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मूसाखेड़ी क्षेत्र में पन्नालाल चौराहा शांति नगर में अड़ीबाजी की वारदात हुई। करण अटोदिया निवासी शांतिनगर की रिपोर्ट पर आरोपी राकेश निवासी मूसाखेड़ी पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह चौराहे से गुजर रहा था। तभी आरोपी ने रोका और शराब पीने के लिए रूपए की मांग की। मना करने पर आरोपी ने गाली दी और लात घूसों से पीट दिया। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसी तरह ऐसे ही एक और मामले में थाना आजाद नगर पुलिस ने फरियादी विनय पिता रामनारायण चौहान निवासी प्रेम नगर मूसाखेड़ी कांकड की रिपोर्ट पर आरोपी धर्मेंद्र उर्फ ध मू त्यागी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज कर पैसों की मांग की। पैसे नहीं देने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## दुकान में की तोडफ़ोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिया इलाके में एक बदमाश ने एक दुकानदार से अड़ीबाजी करते हुए फ्री में सामान मांगा तो दुकानदार ने इनकार किया तो आरोपी ने उसकी दुकान में तोडफ़ोड़ भी कर दी। लसाडिया पुलिस के अनुसार फरियादी का नाम रिंकू गुर्जर निवासी स्कीम नंबर 78 है, उसकी क्षेत्र में ही एक दुकान है। आरोपी निशान सिंह उर्फ चिंटू निवासी स्कीम नंबर 78 कल शाम उसकी दुकान पर आया और प्रष्ठी में समान मांगने लगा। रिंकू ने प्रष्ठी में सामान देने से मना किया तो आरोपी ने यह कहकर धमकाया कि वह क्षेत्र का गुंडा है फ्री में सामान देना पड़ेगा यह कहते हुए उसने दुकान में तोडफ़ोड़ भी की है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक